# सृजन

## कक्षा-4

## अध्यापक सहायक-पुस्तिका

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** बच्चे ईश्वर से क्या हरने को कह रहे हैं?

उत्तर— अज्ञान।

**(ख)** विहग क्या सीख रहा है?

उत्तर— नभ में उड़ना।

**(ग)** विहग कैसे पर माँग रहा है?

उत्तर— निश्चित लक्ष्य तक पहुँचाने वाले।

**(घ)** बच्चे धरती को क्या बनाना चाहते हैं?

उत्तर— स्वर्ग।

**2. पद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

हे ! जग के स्वामी प्रभु,
पथ मेरा आलोकित कर दो।
नवल प्रात: की रश्मियों से,
मेरे उर का तम हर दो।।

**(क)** बच्चे प्रार्थना कर रहे हैं—

प्रभु से ✓ माता से ☐ पिता से ☐

**(ख)** क्या आलोकित कर दो—

पथ ✓ घर ☐ नभ ☐

**(ग)** उर तम हर दो—

सायं काल के नभ से ☐ दीपों से ☐ प्रात: की नव रश्मियों से ✓

**(घ)** पथिक कैसा है—

बूढ़ा ☐ कामचोर ☐ नन्हा–सा ✓

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. वर्ग पहेली में से 'नभ', 'प्रभु' तथा 'विहग' के पर्यायवाची शब्द छाँटकर लिखो—**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ग | र | मा | हा | ृ | ज | न |
| इ | आ | आ | का | श | नी | धि | द |
| सु | मा | जा | प | ला | कि | प | प |
| ज | ग | ग | ग | न | ई | र | श्री |
| ग | न | भ | च | र | श | मा | ग |
| दी | प | नी | ती | म | व | त | ड |
| श | ज | ण | अं | ब | र | मा | शा |
| च | अं | ड | ज | न | गं | मा | ल |

**नभ**—आकाश, गगन, अंबर

**प्रभु**—ईश्वर, परमात्मा, जगदीश

**विहग**—नभचर, अंडज

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—**

**( क )** नवल **प्रातः की नव रश्मियों** से,
मेरे उर **का तम हर** दो।

**( ख )** धरती को ही **स्वर्ग बना दूँ**,
मुझको **यह मंगलमय** वर दो।

**5. कविता की पंक्तियों का अर्थ लिखो—**

**( क )** नवल प्रात: की नव रश्मियों से,
मेरे उर का तम हर दो।

उत्तर—इन पंक्तियों में कवि ईश्वर से प्रार्थना कर रहा है कि हे ईश्वर नए सुबह की नई किरणों से मेरे हृदय के अन्धकार को नष्ट कर दीजिए।

**( ख )** पहुँच सकूँ निर्दिष्ट लक्ष्य तक,
मुझको ऐसे पग दो, पर दो।

उत्तर—प्रस्तुत पंक्तियों में कवि ने ईश्वर से ऐसे पैर और पंख देने को कह रहा है जिनसे वह अपने निश्चित लक्ष्य तक पहुँच सके।

**6. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**( क )** कविता के रचयिता कौन हैं?

उत्तर—कविता के रचयिता द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी हैं।

**( ख )** कवि ने अपने को 'नन्हा पथिक' क्यों कहा है?

उत्तर—कवि ने अज्ञानी होने के कारण अपने को 'नन्हा पथिक' कहा है।

### भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**7. तुकांत शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| हर | **कर** | नन्हा | **कान्हा** |
| सीख | **भीख** | नवल | **कमल** |

**8. विलोम शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्वर्ग | **नरक** | अधिक | **कम** |
| प्रात: | **सायं** | स्वामी | **दास** |

**9. शब्दों का वाक्य में प्रयोग करो—**

**मंगलमय**—आपकी यात्रा **मंगलमय** हो।

**मनोकामना**—ईश्वर सभी की **मनोकामना** पूर्ण करते हैं।

**लक्ष्य**—हमें अपने **लक्ष्य** को प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ता है।

# 2 स्वार्थी दानव

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** बच्चे खेलने कहाँ जाते थे?

उत्तर— बगीचे में।

**(ख)** दानव कहाँ गया हुआ था?

उत्तर— अपने मित्र के पास।

**(ग)** दानव ने तख्ती पर क्या लिखा था?

उत्तर— बिना आज्ञा अंदर आना मना है।

**(घ)** दानव को कैसे पता लगा कि उसके बगीचे में वसंत आ गया है?

उत्तर— चिड़िया की चहचहाहट सुनकर।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

अब दानव ने फावड़ा उठाया और चहारदीवारी तोड़ने लगा। बच्चे भी अपने खेल में व्यस्त थे। राहगीरों ने जब देखा कि बच्चे दानव के बगीचे में खेल रहे हैं तो उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। बच्चों के आने से बगीचा पहले की तरह हरा-भरा हो गया था। लोगों को यह देखकर बहुत आश्चर्य हुआ कि दानव बच्चों के साथ खेल रहा है और बच्चों की हँसी से सारा बगीचा गूँज रहा है। उनमें सबसे ऊँची हँसी की आवाज दानव की है।

**(क)** दानव ने क्या तोड़ दिया—

मकान ☐ चहारदीवारी ✓ गमला ☐

**(ख)** क्या देखकर राहगीरों की खुशी का ठिकाना न रहा—

बगीचे में फूल खिले देखकर ☐ वृक्ष पर आड़ू लगे देखकर ☐

बच्चों को दानव के बगीचे में खेलता देखकर ✓

**(ग)** बच्चों के आते ही बगीचा हो गया—

सूखा ☐ उजाड़ ☐ हरा-भरा ✓

**(घ)** बगीचा गूँज रहा था—

बच्चों की हँसी से ✓ बच्चों के रोने की आवाज से ☐ दानव के क्रोध से ☐

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. दी गई वर्ग पहेली में से वृक्षों के नाम छाँटकर उन पर गोला बनाइए—**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | ध | सु | द | न | क | क | र |
| मी | अ | शो | क | शु | श | ल | र |
| धी | नु | क | आ | प | ह | जा | मा |
| सि | पी | प | क | गु | तू | शी | लू |
| कि | इ | अं | प | खु | त | शु | म |
| च | म | च | का | नी | म | गि | ल |
| ब | र | ग | द | द | र | ह | री |
| च | ल | द | अ | म | र | बे | ल |

बरगद

नीम

शहतूत

बेल

अशोक

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

**( क )** दानव का बगीचा विशाल एवं **सुंदर** था।

**( ख )** बगीचे में **आड़ू** के वृक्ष थे।

**( ग )** दानव ने देखा कि बच्चे उसके **बगीचे** में खेल रहे हैं।

**( घ )** पेड़ों पर नई-नई **कोंपलें** फूटने लगीं।

**( ङ )** छोटा बच्चा **सहम** गया।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**( क )** दानव का बगीचा कैसा था?

उत्तर— दानव का बगीचा विशाल एवं सुंदर था।

**( ख )** दानव ने बच्चों को रोकने के लिए क्या किया?

उत्तर— दानव ने बच्चों को रोकने के लिए अपने बगीचे के चारों ओर ऊँची चहारदीवारी बनवा दी।

**( ग )** वसंत ऋतु आई तो क्या हुआ?

उत्तर— वसंत ऋतु आई तो चारों ओर हरियाली छा गई। पेड़ों पर नई-नई कोपलें फूटने लगीं। भीनी-भीनी हवा चलने लगी। क्यारियों में फूल खिल गए। कोयल कूकने लगी। प्रकृति लहलहा उठी।

**( घ )** जब दानव अपने घर में लौटा था तो उसने क्या देखा?

उत्तर— जब दानव अपने घर लौटा तो उसने देखा कि बच्चे उसके बगीचे में खेल रहे हैं।

**( ङ )** दानव के बगीचे में वसंत क्यों नहीं आया था?

उत्तर— क्योंकि बच्चे दानव के बगीचे में खेलने नहीं जाते थे इसलिए दानव के बगीचे में वसंत नहीं आया।

### भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. विशेषण और विशेष्य का सही मिलान करो—**

| **विशेषण** | **विशेष्य** |
|---|---|
| विशाल | दृश्य |
| नरम-नरम | फूल |
| सफेद | दानव |
| अद्भुत | बगीचा |
| स्वार्थी | संगीत |
| स्वर्गिक | घास |

**7. समझो और लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| चहचहाना | चहचहाहट | खिलखिलाना | **खिलखिलाहट** |
| लहलहना | **लहलहाहट** | गर्मी | **गरमाहट** |

**8. समानार्थी शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| दानव | **दैत्य** | आश्चर्य | **अचंभा** |
| विद्यालय | **स्कूल** | सहम | **डर** |
| बगीचा | **बाग** | व्यस्त | **कार्यरत** |

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

1. **सही उत्तर बताओ—**

(क) लड़की की आयु कितनी थी?

उत्तर— बारह-तेरह वर्ष।

(ख) जर्मनी के राजा द्वितीय का क्या नाम था?

उत्तर— राजा द्वितीय जोसेफ।

(ग) राजा का स्वभाव कैसा था?

उत्तर— दयालु।

(घ) लड़की का पिता कहाँ काम करता था?

उत्तर— फौज में।

2. **गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

यह जर्मनी देश की सच्ची घटना है। एक लड़की थी जिसकी आयु लगभग बारह-तेरह वर्ष थी। उसके पिता का स्वर्गवास हो गया था, घर में केवल माँ थी। उसकी माँ इधर-उधर काम करके घर का खर्च चलाती थी। माँ की अभिलाषा थी कि वह अपनी बेटी को पढ़ा-लिखाकर योग्य बनाए, किंतु माँ बीमार पड़ गई। उसके सामने दवा और भोजन की भी समस्या आ गई। वह असहाय-सी अपनी बेटी की ओर देखती रहती थी।

(क) यह घटना किस देश की है—

जापान ☐ भारत ☐ जर्मनी ☑

(ख) पिता का स्वर्गवास होने के बाद घर का खर्चा चलाती थी—

भाई ☐ बेटी ☐ माँ ☑

(ग) माँ की अभिलाषा थी कि वह—

स्वस्थ हो जाए ☐ अपनी बेटी को पढ़ा-लिखाकर योग्य बनाए ☑

अपनी माँ के पास चली जाए ☐

(घ) लड़की के सामने समस्या आ गई—

दवा और भोजन की ☑ पढ़ाई की ☐ आवास की ☐

(ङ) बीमार पड़ गई—

माँ ☑ लड़की ☐ दोनों ☐

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

3. **सोचो और बताओ—**

(क) जर्मनी की राजधानी का नाम क्या है? **बर्लिन**

(ख) जर्मनी में रहने वाले क्या कहलाते हैं? **जर्मन**

(ग) जर्मनी की मुद्रा क्या कहलाती है? **यूरो**

(घ) जर्मनी में बोली जाने वाली भाषा को क्या कहते हैं? **डेनिश लो जर्मन, सोर्बियान, रोमनी, फ्रिजिन**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

**( क )** मेरे पिता ने बहुत वर्षों तक सेना में **नौकरी** की थी।

**( ख )** मेरे राजा से **घनिष्ठ** संबंध हैं।

**( ग )** घर आकर उसने सारी **घटना** अपनी माँ को सुनाई।

**( घ )** राजा ने तुरंत उस बीमार **स्त्री** को दरबार में बुलाया।

**( ङ )** राजा की ऐसी विनम्रता और उदारता देखकर वह महिला **अचंभित** हो गई।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**( क )** लड़की अपने कपड़ों का क्या करना चाहती थी?

उत्तर—लड़की अपने कपड़ों को बेचने जा रही थी।

**( ख )** लड़की को मार्ग में कौन मिला?

उत्तर—लड़की को मार्ग में जर्मनी के राजा द्वितीय जोसफ मिले।

**( ग )** लड़की ने राजा को क्या बताया?

उत्तर—लड़की ने राजा को बताया—''श्रीमान! कुछ दिन पहले मेरे पिता का स्वर्गवास हो गया इस समय मेरी माँ बीमार है। उसके खाने व दवा का इंतजाम न होने से मैं अपने कपड़े बेचने जा रही हूँ। यह कपड़े बेचने से आज तो जैसे-तैसे काम चल जाएगा, पर कल क्या करूँगी? मेरी माँ दवा के अभाव में मर जाएगी यही सोचकर मैं दु:खी हूँ। हमारी मदद करने वाला कोई नहीं है।

**( घ )** राजा ने लड़की की किस प्रकार सहायता की?

उत्तर—राजा ने लड़की को दवा के रुपये देकर उसकी सहायता की।

**( ङ )** राजा ने महिला से क्या कहते हुए क्षमा माँगी?

उत्तर—राजा ने लड़की की माँ से कहा—''समय पर पेंशन न मिलने से तुम्हें बहुत दु:ख उठाना पड़ा, इसके लिए मैं तुमसे क्षमा माँगता हूँ।''

### भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. उचित स्थान पर विराम-चिह्न लगाकर वाक्य पुन: लिखो—**

**( क )** राजा ने कहा तुम इसकी चिंता मत करो

उत्तर—राजा ने कहा—''तुम इसकी चिंता मत करो।''

**( ख )** वे तो सदा राज काज में व्यस्त रहते हैं

**उत्तर**—''वे तो सदा राज-काज में व्यस्त रहते हैं।''

**( ग )** बेटी तुम इतनी उदास क्यों हो

**उत्तर**—''बेटी, तुम इतनी उदास क्यों हो?''

**( घ )** एक लड़की थी

**उत्तर**—एक लड़की थी।

**7. लिंग बदलकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| लड़की | **लड़का** | श्रीमान | **श्रीमती** |
| पिता | **माता** | पति | **पत्नी** |
| भगवान | **भगवती** | स्त्री | **पुरुष** |
| राजा | **रानी** | बेटी | **बेटा** |

8. **विलोम शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| दयालु | **निर्दयी** | अशक्त | **शक्त** |
| सच्ची | **झूठी** | कठिन | **सरल** |
| प्रसन्न | **अप्रसन्न** | राजा | **रंक** |

9. **सोचो और लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बारह-तेरह | बारह या तेरह | दिन-रात | **दिन और रात** |
| नगर-भ्रमण | **नगर का भ्रमण** | इधर-उधर | **इधर या उधर** |

# 4 कोई भी दिन

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

1. **सही उत्तर बताओ—**

(क) सेठ के मन का हाल किसने जान लिया था?

उत्तर— स्वामी जी ने।

(ख) स्वामी जी ने सेठ जी को क्या बात बताई?

उत्तर— स्वामी जी ने सेठ जी को बताया कि आज से ठीक आठ दिन बाद सेठ जी की मृत्यु हो जाएगी।

(ग) सेठ जी अंतिम दो दिन कहाँ बिताने चाहते थे?

उत्तर— तीर्थ स्थान में।

(घ) घर पहुँचकर सेठ जी ने मुनीम जी से क्या कहा?

उत्तर— ''मुनीम जी, हिसाब-किताब की बहियाँ उठवाकर लाओ। मुझे तुरंत बताओ, किससे क्या लेना है, और क्या देना है?''

2. **गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

स्वामी कृपानंद जी ने आठवें दिन उनकी मृत्यु की भविष्यवाणी की थी। वह उन्हें भली प्रकार याद थी। वह भोर में ही उठकर स्नान-ध्यान से निबटे और अपने मुनीम जी को साथ लेकर स्वामी जी के आश्रम की ओर चल पड़े।

(क) भविष्यवाणी किसने की थी—

स्वामी कृपानंद ने ☑ मुनीम ने ☐ एक भिखारी ने ☐

(ख) स्वामी जी ने भविष्यवाणी की थी कि—

उनके घर में आग लग जाएगी। ☐

उनके घर में चोरी होगी। ☐

आठवें दिन उनकी मृत्यु हो जाएगी। ☑

(ग) सेठ जी स्वामी जी के आश्रम किसके साथ पहुँचे—

पत्नी के ☐ बेटे के ☐ मुनीम जी के ☑

3. **पाठ के आधार पर 'सही' या 'गलत' लिखो—**

(क) सेठ का नाम मेवाराम था। गलत

(ख) सेठ जी के चेहरे पर हमेशा परेशानी रहती थी। सही

(ग) स्वामी जी की भविष्यवाणी सही हुई। गलत

( घ ) मुनीम जी के दो संतानें थीं। गलत

( ङ ) सेठ जी ने अपने दरवाजे से किसी को भी निराश नहीं लौटने दिया। सही

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**4. सोचो और पहेली बताओ—**

( क ) हिसाब-किताब देखने वाला कहलाता है— मुनीम

( ख ) पौधों की देख-रेख करने वाला कहलाता है— माली

( ग ) रथ चलाने वाला कहलाता है— सारथी

( घ ) युद्ध में वीरता दिखाने वाला कहलाता है— योद्धा

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

**पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)**

**5. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

( क ) सेठ के **मुनीम** मेवाराम भी उनके साथ आते थे।

( ख ) सेठ जी अपनी **उलझनों** से किसी तरह उबर नहीं पा रहे थे।

( ग ) स्वामी कृपानंद के मुख पर एक **भेदभरी** मुस्कान भरी।

( घ ) थोड़ी ही देर में मुनीम जी बहुत-सी **बहियाँ** लदवाए आ पहुँचे।

( ङ ) सेठ जी ने गद्‌गद भाव से स्वामी जी को **प्रणाम** किया।

**6. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

( क ) सेठ जी स्वामी के आश्रम में क्यों आते थे?

उत्तर—सेठ जी स्वामी के आश्रम में प्रवचन सुनने आते थे।

( ख ) सेठ जी का चेहरा देखकर स्वामी जी क्या समझ गए?

उत्तर—सेठ जी का चेहरा देखकर स्वामी जी समझ गए कि भले ही सेठ जी उनके प्रवचन गौर से सुनते दिखाई पड़ रहे हों मगर प्रवचन का मर्म उनके भीतर नहीं पहुँच रहा है।

( ग ) स्वामी जी ने क्या भविष्यवाणी की?

उत्तर—स्वामी जी ने भविष्यवाणी की कि आज से ठीक आठ दिन बाद सेठ जी की मृत्यु हो जाएगी।

( घ ) अपनी मृत्यु के बारे में सुनकर सेठ जी ने क्या किया?

उत्तर—अपनी मृत्यु की बात सुनकर सेठ जी ने अपने सभी जरूरी काम निपटाने शुरू कर दिए।

( ङ ) स्वामी जी ने सेठ जी को क्या याद रखने को कहा?

उत्तर—स्वामी जी ने सेठ जी को याद रखने के लिए कहा कि हमारे जीवन का कोई भी दिन अंतिम दिन हो सकता है। जो दूसरों को कुछ दे सकता है, उसी को सुख मिलता है।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**7. लिंग बदलकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेठ | **सेठानी** | पोते | **पोती** |
| बेटा | **बेटी** | बेचारा | **बेचारी** |

**8. सर्वनाम शब्द रेखांकित कीजिए—**

( क ) सेठ के मुनीम मेवाराम भी उनके साथ आते थे।

( ख ) इधर मैं देखता हूँ।

( ग ) पहले तुम लोगों की देनदारी देखो।

(घ) अब तो आप स्वयं समझ गए होंगे।

(ङ) वह स्वामी जी के सामने जाकर बैठे।

**9. पढ़ो, सोचो और लिखो—**

समाज + इक = सामाजिक सप्ताह + इक = **साप्ताहिक**

स्वभाव + इक = **स्वाभाविक** दिन + इक = **दैनिक**

**10. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

**सामाजिक**—मनुष्य एक **सामाजिक** प्राणी है।

**भविष्यवाणी**—गुरु जी ने **भविष्यवाणी** की कि आठ दिन बाद सेठ जी की मृत्यु हो जाएगी।

**निरंतर**—हमें **निरंतर** प्रयत्नशील रहना चाहिए।

**दायित्व**—सभी को अपने परिवार के प्रति **दायित्व** को पूर्ण करना चाहिए।

## सतत मूल्यांकन-I (Continuous Evaluation-I) (कक्षा 1 से 4)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) विहग क्या सीख रहा है?

उत्तर—नभ में उड़ना।

(ख) दानव कहाँ गया हुआ था?

उत्तर—अपने मित्र के पास।

(ग) जर्मनी के राजा द्वितीय का क्या नाम था?

उत्तर—राजा द्वितीय जोसेफ।

(घ) स्वामी जी ने सेठ को क्या बात बताई?

उत्तर—स्वामी जी ने सेठ जी को बताया कि आज से ठीक आठ दिन बाद सेठ जी की मृत्यु हो जाएगी।

**2. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाओ—**

(क) क्या आलोकित कर दो—

पथ ☑ घर ☐ नभ ☐

(ख) बगीचा गूँज रहा था—

बच्चों की हँसी से ☑ बच्चों के रोने की आवाज से ☐ दानव के क्रोध से ☐

(ग) यह घटना किस देश की है—

जापान ☐ भारत ☐ जर्मनी ☑

(घ) भविष्यवाणी किसने की थी—

स्वामी कृपानंद ने ☑ मुनीम ने ☐ एक भिखारी ने ☐

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**3. सोचो और बताओ—**

(क) जर्मनी की राजधानी का नाम क्या है? **बर्लिन**

(ख) जर्मनी में रहने वाले क्या कहलाते हैं? **जर्मन**

(ग) जर्मनी की मुद्रा क्या कहलाती है? **यूरो**

(घ) जर्मनी में बोली जाने वाली भाषा को क्या कहते हैं? **डेनिश लो जर्मन, सोर्बियान, रोमनी, फ्रिजिन**

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** फुलवारी कैसे महक गई?

उत्तर— तरह-तरह की गंधों से।

**(ख)** चंपा से कौन लड़ा?

उत्तर— मौलसिरी।

**(ग)** किसकी डाली दहक गई?

उत्तर— पलाश की।

**2. पद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

तितली ने भी उड़-उड़कर,
सब फूलों को सूँघा।
बड़ी देर तक उन पर बैठा,
भौंरा भी ऊँघा।

**(क)** तितली ने क्या किया—

फूलों को सूँघा ✓ फूलों को तोड़ा ☐ फूलों को खा लिया ☐

**(ख)** फूलों पर बैठ ऊँघा—

तितली ☐ मधुमक्खी ☐ भौंरा ✓

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. दी गई वर्ग पहेली में से फूलों के नाम छाँटकर उन पर गोला ( ○ ) बनाओ—**

गेंदा, कमल, गुड़हल, कनेर, गुलाब, चंपा, चमेली, रजनीगंधा

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | गे | गु | ला | ब | पा | क्क | ल | क |
| शी | म | म | धु | सु | द | क | गि | ने |
| चं | पा | पु | ष | पा | म | म | गु | र |
| मु | द | नी | का | गें | दा | ल | ड़ | हि |
| र | ज | नी | गं | धा | रा | जा | ह | सी |
| धी | च | मे | ली | ण | ऊ | कु | ल | मि |

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—**

**(क)** छोटी-सी **बगिया में आकर,**
चिड़िया **चहक गई।**

(ख) तरह-तरह **की गंधों से**
**फुलवारी** महक गई।।

5. **इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**( क )** छोटी बगिया में आकर कौन चहकी?

उत्तर— छोटी बगिया में आकर चिड़िया चहकी।

**( ख )** पुरवाई हवा चलने पर कौन थिरकने लगा?

उत्तर— पुरवाई हवा चलने पर सोनजुही की कली थिरकने लगी।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

6. **तुकांत शब्द लिखो—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चहक | **महक** | तलाश | **पलाश** | सूँघा | **ऊँघा** |
| सारी | **बेचारी** | तान | **कान** | डाली | **माली** |

7. **पर्यायवाची शब्द लिखो—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| फूल | **पुष्प** | **सुमन** | भौंरा | **भ्रमर** | **अलि** |
| रात | **रजनी** | **निशा** | फुलवारी | **बगिया** | **उपवन** |

8. **शब्दों का वाक्य में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| **पुरवाई** | प्रात:काल धीमी-धीमी **पुरवाई** चल रही थी। |
| **तलाश** | मौलसिरी का पौधा रजनीगंधा की **तलाश** में रात भर घूमा। |
| **महक** | तरह-तरह की खुशबू से फुलवारी **महक** रही थी। |
| **फुलवारी** | **फुलवारी** में अनेक प्रकार के फूल खिल रहे थे। |

# 6 चंद्रग्रहण और सूर्यग्रहण

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

**मौखिक प्रश्न (Oral Questions)**

1. **सही उत्तर बताओ—**

**( क )** पृथ्वी किसके चारों ओर परिक्रमा करती है?

उत्तर— सूर्य के।

**( ख )** पृथ्वी की छाया आकाश में कितने किलोमीटर फैल सकती है?

उत्तर— 13,82,130 किलोमीटर।

**( ग )** सूर्यग्रहण किस दिन होता है?

उत्तर— अमावस्या के दिन।

**( घ )** जन्मदिन किसका था?

उत्तर— निष्ठा का।

2. **गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

जब चंद्रमा पृथ्वी की परिक्रमा लगाता है, तो उसका मार्ग लगभग 5 डिग्री झुका हुआ होता है। यही कारण है कि सब पूर्णिमाओं को चंद्रग्रहण नहीं लगता है।

**( क )** पृथ्वी की परिक्रमा लगाता है—

सूर्य ☐ चंद्रमा ☑ ध्रुवतारा ☐

(ख) पृथ्वी की परिक्रमा लगाते समय चंद्रमा झुका होता है—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 डिग्री | ✓ | 6 डिग्री | ☐ | 8 डिग्री | ☐ |

(ग) चंद्रग्रहण होता है—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमावस्या को | ☐ | एकादशी को | ☐ | पूर्णिमा को | ✓ |

## बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. बताओ—**

(क) चंद्रमा पर पहुँचने वाला पहला भारतीय है— **राकेश शर्मा**

(ख) चंद्रमा की कितनी कलाएँ होती हैं— **सोलह**

(ग) वह भगवान जिसके शीश पर चंद्रमा विराजमान है— **शिवजी**

(घ) चंद्रमा का कोई एक पर्यायवाची है— **चाँद**

# समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

## पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

(क) विदुषी ने **नाश्ता** करते हुए प्रश्न किया।

(ख) सूर्यग्रहण एक भय **उत्पादक** दृश्य होता है।

(ग) सब पूर्णिमाओं को **चंद्रग्रहण** नहीं लगता है।

(घ) निष्ठा **विदुषी** को तैयार करने में लग गई।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) चंद्रग्रहण होने का क्या कारण है?

उत्तर— चंद्रमा पृथ्वी के तल में होता है, तो वह उसकी छाया में छुप जाता है और चंद्रग्रहण लग जाता है।

(ख) सूर्यग्रहण होने का क्या कारण होता है?

उत्तर— जब चंद्रमा पृथ्वी और सूर्य के मध्य में होता है तब सूर्यग्रहण लगता है।

(ग) कोणार्क कहाँ है?

उत्तर— कोणार्क जगन्नाथपुरी में है।

(घ) कोणार्क पर लोग क्यों एकत्रित हुए थे?

उत्तर— कुछ वर्ष पहले बहुत बड़ा सूर्यग्रहण हमारे देश में पड़ा था जिसके विषय में खगोलशास्त्री अपने उपकरणों के साथ 'कोणार्क' पर इकट्ठे हुए थे।

## भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. विलोम शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रश्न | **उत्तर** | लंबाई | **चौड़ाई** |
| आकाश | **धरती** | कम | **अधिक** |
| दिन | **रात** | साधारण | **असाधारण** |
| अँधेरा | **उजाला** | धूप | **छाँव** |

**7. पर्यायवाची शब्द लिखो—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चंद्रमा | **चाँद** | **शशि** | पृथ्वी | **धरा** | **भूमि** |
| सूर्य | **भानु** | **दिनकर** | दिन | **दिवस** | **वासर** |

**8. शुद्ध रूप लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| परिकम्रा | **परिक्रमा** | दृशय | **दृश्य** |
| आमावस्या | **अमावस्या** | पृथवि | **पृथ्वी** |
| कोर्णाक | **कोणार्क** | निश्टा | **निष्ठा** |
| आंख | **आँख** | चँद्रमा | **चंद्रमा** |

# 7 एक गोली एक दुश्मन

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** भारत व चीन का युद्ध कब हुआ?

उत्तर—सन् 1962।

**(ख)** चीनी सैनिकों ने किस भारतीय चौकी पर आक्रमण किया था?

उत्तर—श्रीजय नामक चौकी पर।

**(ग)** धन सिंह थापा के घर में शोक क्यों छा गया?

उत्तर—धन सिंह थापा के शहीद होने का समाचार सुनकर।

**(घ)** धन सिंह थापा को किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

उत्तर—परमवीर चक्र से।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

1962 के भारत-चीन युद्ध में धन सिंह नामक एक वीर सिपाही ने संकट के समय नारा दिया—'एक गोली, एक सैनिक, एक दुश्मन'। इस नारे का पालन करते हुए भारतीय सेना ने चीनी सेना को हराने में एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया। भारतीय सेना यह युद्ध हार गई लेकिन उसने चीनी सैनिकों की नाक में दम कर दिया।

**(क)** 1962 में युद्ध हुआ—

भारत-पाकिस्तान के बीच ☐  भारत-भूटान के बीच ☐  भारत-चीन के बीच ☑

**(ख)** 'एक गोली, एक सैनिक, एक दुश्मन' यह नारा दिया—

महात्मा गांधी ने ☐  धन सिंह थापा ने ☑  भगतसिंह ने ☐

**(ग)** धन सिंह थापा था—

एक सिपाही ☑  एक लेखक ☐  एक नेता ☐

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचो और सही मिलान करो—**

| | |
|---|---|
| **(क)** दिल्ली चलो | सरदार भगतसिंह |
| **(ख)** इंकलाब जिंदाबाद | महात्मा गांधी |
| **(ग)** आराम हराम है | सुभाषचंद्र बोस |
| **(घ)** जय जवान, जय किसान | जवाहरलाल नेहरू |
| **(ङ)** करो या मरो | लाल बहादुर शास्त्री |

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

**(क)** मेजर धन सिंह थापा भारतीय सेना की **गोरखा** रायफल्स में थे।

**(ख)** मेजर धन सिंह थापा अपने सैनिकों के साथ **लद्दाख** के मोर्चे पर गए।

**(ग)** चीनी सैनिकों ने उन **पत्रों** को भारत नहीं पहुँचने दिया।

**(घ)** थापा की पत्नी को पूरा विश्वास था कि वह **जीवित** हैं।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**(क)** मेजर थापा को लड़ाई में जाने का आदेश कब मिला?

उत्तर—20 अक्टूबर सन् 1962 को मेजर थापा को लड़ाई में जाने का आदेश मिला।

**(ख)** मेजर थापा ने अपने सैनिकों को क्या नारा दिया?

उत्तर—मेजर थापा ने अपने सैनिकों को 'एक गोली, एक सैनिक, एक दुश्मन' नारा दिया।

**(ग)** जब थापा की टुकड़ी के पास गोलियाँ समाप्त हो गईं तो उन्होंने दुश्मनों का सामना कैसे किया?

उत्तर—जब मेजर थापा की टुकड़ी के पास गोलियाँ समाप्त हो गईं तो उन्होंने अपनी-अपनी खुखरी निकालकर दुश्मनों का सामना किया।

**(घ)** मेजर थापा ने अपने जीवित होने का समाचार अपने घर कैसे पहुँचाया?

उत्तर—मेजर थापा ने अपने जीवित रहने का समाचार एक पत्र द्वारा अपने घर पहुँचाया।

### भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. संज्ञा शब्द रेखांकित करो—**

**(क)** उसने <u>सैनिकों</u> की <u>नाक</u> में दम कर दिया।

**(ख)** <u>बच्चों</u> ने वह <u>चिट्ठी डाक</u> में डाल दी।

**(ग)** उनकी <u>वीरता</u> के <u>किस्से</u> आज भी याद किए जाते हैं।

**(घ)** <u>धन सिंह थापा</u> को <u>चीनी सेना</u> ने छोड़ दिया।

**7. मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करो—**

**नाक में दम करना**—बहुत परेशान करना

बिल्ली ने सभी चूहों की **नाक में दम कर** दिया।

**धूल चटाना**—बुरी तरह हरा देना

हिंदुस्तानी सैनिकों ने पाकिस्तानी सैनिकों को **धूल चटा दी।**

**आँखें बिछाना**—प्रतीक्षा करना

परीक्षा परिणाम के लिए हम **आँखें बिछाए** बैठे हैं।

**दाँत खट्टे करना**—हरा देना

आओ हम दोनों मिलकर रमेश के **दाँत खट्टे कर** देते हैं।

# 8 सच्ची मित्रता

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** डैमन कहाँ रहता था?

उत्तर—यूनान के सेराक्यूज नगर में।

**(ख)** सेराक्यूज का शासक कैसा था?

उत्तर—बहुत अत्याचारी।

**(ग)** डैमन के मित्र का क्या नाम था?

उत्तर—पीथियस।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

डैमन उस दिन भी नहीं लौटा। दूसरे दिन फाँसी की तैयारी शुरू हुई। पीथियस को फाँसीघर ले जाया गया। वह खुश था कि मित्र के लिए अपने प्राण दे रहा है। फाँसी का आदेश हुआ। सब लोग फाँसी देखने के लिए उतावले थे। इतने में दूर से आवाज आई, ''रुक जाओ, मेरे मित्र को फाँसी मत दो। मैं आ गया हूँ।''

**(क)** दूसरे दिन तैयारी शुरू हुई—

जन्मोत्सव की ☐ फाँसी की ☑ शादी की ☐

**(ख)** पीथियस को ले जाया गया—

मंदिर ☐ राजदरबार में ☐ फाँसीघर ☑

**(ग)** दूर से आवाज दी—

पीथियस ने ☐ डैमन ने ☑ राजा ने ☐

**(घ)** पीथियस खुश था कि वह—

अपने देश के लिए अपने प्राण दे रहा है। ☐

अपने मित्र के लिए अपने प्राण दे रहा है। ☑

अपने राजा के लिए अपने प्राण दे रहा है। ☐

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. गोले में दिए गए वर्णों को खाली खाने में भरकर शब्द बनाओ। ध्यान रखो, ये शब्द इसी पाठ में आए हैं—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ज | ल | ला | द |
| का | रा | गा | र |

| | | |
|---|---|---|
| डै | म | न |
| यू | ना | न |

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

**(क)** उसने डैमन को **फाँसी** की सजा सुना दी।

**(ख)** **लाचार** होकर डैमन अपने जीवन के दिन गिनने लगा।

(ग) राजा की शर्त वाली बात डैमन के मित्र **पीथियस** तक पहुँची।

(घ) डैमन की जगह पीथियस को **कारागार** में डाल दिया।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) डैमन लोगों से क्या कहता था?

उत्तर— डैमन लोगों को कहता था कि अत्याचार करना और सहना दोनों ही पाप है।

(ख) डैमन की अंतिम इच्छा क्या थी?

उत्तर— डैमन की अंतिम इच्छा अपने परिवार के लोगों से मिलने की थी।

(ग) ''मित्र, तुम्हारे इस उपकार का बदला मैं कभी नहीं चुका सकूँगा।'' डैमन ने पीथियस से ऐसा क्यों कहा?

उत्तर— डैमन ने पीथियस से ऐसा इसलिए कहा क्योंकि वह उसके स्थान पर बंदी बना था और डैमन के न लौटने पर उसको फाँसी की सजा दी जाएगी।

(घ) डैमन को आने में देर क्यों हो गई थी?

उत्तर— रास्ते में तूफान आने के कारण डैमन को आने में देर हो गई।

(ङ) शासक का हृदय क्या देखकर पिघल गया?

उत्तर— डैमन और पीथियस की मित्रता के दृश्य को देखकर शासक का हृदय पिघल गया।

## भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. वाक्य पढ़कर उनके सामने वाक्य भेद लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भला ऐसा कौन आदमी होगा जो अपनी जान जोखिम में डालेगा? | **प्रश्नवाचक वाक्य** |
| (ख) | डैमन को पकड़ लिया गया। | साधारण वाक्य |
| (ग) | यदि वह समय पर नहीं लौटा तो? | प्रश्नवाचक वाक्य |
| (घ) | देखा अपने मित्र को कैसा विश्वासघासी निकला। | विस्मयादिबोधक |
| (ङ) | डैमन अपने घर चला गया। | साधारण वाक्य |

**7. लिंग बदलकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| शासक | **शासिका** | विद्वान् | **विदुषी** |
| घोड़ा | **घोड़ी** | राजा | **रानी** |

**8. समझो और लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मित्र + ता | **मित्रता** | सह + ता | **सहता** |
| जान + ता | **जानता** | भाग + ता | **भागता** |
| लौट + ता | **लौटता** | देख + ता | **देखता** |

**9. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| अत्याचारी | यूनान का शासक बहुत **अत्याचारी** था। |
| आज्ञा | राजा ने उसे घरवालों से मिलने की **आज्ञा** दे दी। |
| कारागार | पीथियस को **कारागार** में डाल दिया गया। |
| उपकार | डैमन वीथियस के **उपकार** को कभी नहीं भूला। |

## सतत मूल्यांकन-II (Continuous Evaluation-II) (कक्षा 5 से 8)

1. **सही उत्तर बताओ—**

(क) चंपा से कौन लड़ा?

उत्तर— मौलसिरी।

(ख) सूर्यग्रहण किस दिन होता है?

उत्तर— अमावस्या को।

(ग) धन सिंह थापा को किन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया?

उत्तर— परमवीर चक्र से।

(घ) डैमन के मित्र का क्या नाम था?

उत्तर— पीथियस।

2. **सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाओ—**

(क) फूलों पर बैठ ऊँघा—

तितली ☐ मधुमक्खी ☐ भौंरा ☑

(ख) पृथ्वी की परिक्रमा लगाता है—

सूर्य ☐ चंद्रमा ☑ ध्रुवतारा ☐

(ग) 1962 में युद्ध हुआ—

भारत-पाकिस्तान के बीच ☐ भारत-भूटान के बीच ☐ भारत-चीन के बीच ☑

(घ) पीथियस को ले जाया गया—

मंदिर ☐ राजदरबार ☐ फाँसीघर ☑

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

3. **सोचो और बताओ—**

(क) चंद्रमा पर पहुँचने वाला पहला भारतीय **राकेश शर्मा**

(ख) चंद्रमा का कोई पर्यायवाची है **चाँद**

(ग) वह भगवान जिसके शीश पर चंद्रमा विराजमान है **शिवजी**

# 9 कोयल

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

**मौखिक प्रश्न (Oral Questions)**

1. **सही उत्तर बताओ—**

(क) बच्चे किससे प्रश्न पूछ रहे हैं?

उत्तर— कोयल से।

(ख) बहुत दिनों के बाद कौन आया है?

उत्तर— कोयल।

(ग) प्यासी धरती क्या माँग रही है?

उत्तर— बादलों से पानी।

(घ) कोयल कैसा बोलती है?

उत्तर— मीठा।

**2. पद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

बहुत भली हो तुमने माँ की,
बात सदा ही है मानी,
इसीलिए तो तुम कहलाती हो,
सब चिड़ियों की रानी।

(क) कोयल कैसी है—

भली ☑ झगड़ालू ☐ शरारती ☐

(ख) कोयल ने सदा बात मानी है—

अपने मन की ☐ अपनी माँ की ☑ किसी की नहीं ☐

(ग) कोयल कहलाती है—

चिड़ियों की रानी ☑ पक्षियों की रानी ☐ जंतु की रानी ☐

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. संकेतों के आधार पर शब्द पूरा करो—**

(क) सबसे बड़ा पक्षी है— **शुतुर्मुर्ग**

(ख) दर्जी चिड़िया के नाम से प्रसिद्ध चिड़िया— **बया**

(ग) साँप का शत्रु है— **मोर**

(घ) लक्ष्मी जी का वाहन है— **उल्लू**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—**

(क) कोयल ! यह **मिठास** तुमने,
अपनी **माँ से पाई** है?

(ख) माँ ने **ही क्या तुमको मीठी**
बोली यह **सिखलाई** है?

(ग) डाल-डाल **पर उड़ना-गाना**,
जिसने **तुम्हें सिखाया** है,

(घ) सबसे मीठा **मीठा बोलो**,
यह भी **तुम्हें बताया** है।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) कविता के माध्यम से कवयित्री क्या संदेश दे रही है?

उत्तर— कविता के माध्यम से कवयित्री मीठा बोलने का संदेश दे रही है।

(ख) 'कोयल' कविता की कवयित्री का नाम लिखो।

उत्तर— सुभद्राकुमारी चौहान।

### भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. पढ़ो और लिखो—**

**( क )** प्यासी धरती देख माँगती, क्या मेघों से पानी।
क्या प्यासी धरती मेघों (बादलों) से पानी माँग रही है?

**( ख )** कोयल ! यह मिठास क्या तुमने, अपनी माँ से पाई है?
**कोयल ! क्या तुमने यह मिठास अपनी माँ से पाई है?**

**( ग )** इसलिए तो तुम कहलाती हो, सब चिड़ियों की रानी।
**क्या इसीलिए तुम सब चिड़ियों की रानी कहलाती हो?**

**7. पर्यायवाची शब्द लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| मेघ | **बादल** | **वारिद** |
| माँ | **माता** | **जननी** |
| पानी | **जल** | **तोय** |

**8. शुद्ध रूप लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मिटास | **मिठास** | कौयल | **कोयल** |
| संदेसा | **संदेशा** | मांगती | **माँगती** |
| पयासी | **प्यासी** | सीखाया | **सिखाया** |

**9. शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| संदेशा | कोयल, तुम सबके लिए क्या **संदेशा** लाई हो? |
| मिठास | कोयल की बोली कानों में **मिठास** घोलती है। |
| धरती | यह **धरती** हम सबके जीवन का आधार है। |

# 10 प्रदूषण

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**( क )** प्रदूषण का क्या अर्थ है?
उत्तर— वातावरण का दूषित होना।

**( ख )** प्रदूषण कितने प्रकार के होते हैं?
उत्तर— चार प्रकार के।

**( ग )** वायु प्रदूषण से कैसे रोग फैलते हैं?
उत्तर— असाध्य रोग।

**( घ )** व्यक्ति बहरेपन का शिकार किस प्रदूषण के अंतर्गत होता है?
उत्तर— वायु प्रदूषण से।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

प्रदूषित जल फसलों पर बुरा असल डालता है। जल को अनेक रासायनिक विधियों द्वारा शुद्ध करके उसे भले ही पीने के योग्य बना लिया जाए तथापि उसमें कुछ-न-कुछ दूषित तत्त्व रह जाते हैं जो मानव-शरीर में पहुँचकर अनेक रोग पैदा करते हैं।

(क) फसलों पर बुरा असर होता है—

उर्वरा का ☐ जल का ☐ दूषित जल का ☑

(ख) जल को शुद्ध किया जाता है—

रासायनिक विधियों द्वारा ☑ कुओं द्वारा ☐ जल को टब में भरकर ☐

(ग) दूषित जल मानव शरीर में पहुँचकर पैदा करते हैं—

रोग ☑ शक्ति ☐ ऊर्जा ☐

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**3. 'प्र' से शुरू होने वाले तीन ऐसे शब्द बनाओ जो पाठ में आए हों—**

प्र

प्र | दू | ष | ण    प्र | दू | षि | त    प्र | ति | बं | ध

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

**पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)**

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

(क) वायु प्रदूषण से **साँस संबंधी** रोग उत्पन्न होते हैं।

(ख) दूषित वायु से **नेत्रों** और **त्वचा** पर भी बुरा असर पड़ता है।

(ग) औद्योगिक संस्थान **आवासीय** क्षेत्रों से दूर स्थापित किए जाएँ।

(घ) **अधिकाधिक** पेड़ लगाने चाहिए।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) जल-प्रदूषण क्या है?

उत्तर— जल में गंदगी और कारखानों आदि में प्रयुक्त होने वाले रासायनिक पदार्थों के बचे अवशेषों का मिलना जल प्रदूषण है।

(ख) ध्वनि-प्रदूषण क्या है?

उत्तर— वाहनों, मशीनों आदि के द्वारा उत्पन्न असहनीय शोर ध्वनि प्रदूषण का ही रूप है।

(ग) मिट्टी दूषित होने के क्या कारण हैं?

उत्तर— फसलों में प्रयुक्त होने वाले रासायनिक उर्वरक और कीटनाशक पदार्थों का मिट्टी में मिल जाना मिट्टी प्रदूषण का कारण है।

(घ) प्रदूषण को रोकने के लिए हमें क्या उपाय करने चाहिए?

उत्तर— प्रदूषण रोकने के लिए अधिकाधिक वृक्षारोपण किया जाए, वाहनों की नियमित रूप जाँच के साथ-साथ उनका अनावश्यक प्रयोग न किया जाए। कारखानों को आवासीय क्षेत्रों से दूर स्थापित किया जाना चाहिए। सबसे महत्त्वपूर्ण है इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**6. विलोम शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| नई | **पुरानी** | हानि | **लाभ** |
| अर्थ | **अनर्थ** | उच्च | **निम्न** |
| शुद्ध | **अशुद्ध** | दूर | **पास** |

7. **शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| प्रदूषण | **प्रदूषण** के कारण नई–नई असाध्य बीमारियाँ पैदा हो रही हैं। |
| समस्या | प्रदूषण की **समस्या** का शीघ्र निराकरण होना चाहिए। |
| पर्यावरण | हमें **पर्यावरण** की रक्षा को अपना नैतिक कर्तव्य मानना चाहिए। |
| गैसें | कारखानों की चिमनियों से हानिकारक गैसें निकलती हैं। |

# 11 वैज्ञानिक एडीसन

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

1. **सही उत्तर बताओ—**

**( क )** एडीसन बचपन से ही किस बात में रुचि लेता था?

उत्तर— प्रयोग करने में।

**( ख )** एडीसन के अभिभावकों से क्या कहा गया?

उत्तर— एडीसन को स्कूल से हटाने के लिए।

**( ग )** एडीसन ने सबसे अच्छा अध्यापक किसे पाया?

उत्तर— अपनी माँ को।

**( घ )** एडीसन के अध्यापक उसे क्या समझते थे?

उत्तर— मूर्ख।

2. **गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

बिजली का बल्ब बनाने वाले व्यक्ति का नाम एडीसन था। एडीसन का पूरा नाम थॉमस एल्वा एडीसन था। वह अमेरिका का निवासी था।

**( क )** बिजली के बल्ब का आविष्कार किया—

राइटबंधुओं ने ☐    एडीसन ने ☑    जगदीशचंद्र बसु ने ☐

**( ख )** एडीसन का पूरा नाम था—

थॉमस एडीसन ☐    थॉमस एल्वा एडीसन ☑    एल्वा एडीसन ☐

**( ग )** थॉमस निवासी था—

चीन का ☐    भारत का ☐    अमेरिका का ☑

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

3. **वर्ग पहेली में से बिजली से चलने वाले उपकरणों के नाम छाँटकर लिखो—**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पु | च | क | त | म | वा | शिं | ग |
| ज | टे | ली | वि | ज | न | ना | म |
| सा | कि | नी | ट | प | उ | आ | शी |
| कू | ल | र | नु | पु | र | कं | न |
| ग | छ | चि | शि | ड़ी | उ | प् | म |
| क | आ | ऋ | फ्रि | ज | न् | यू | नी |
| मि | ओ | व | न | त | री | ट | ग |
| ट्टी | ट | र | स | क्ष | त्र | र | ज |

टेलीविजन

वाशिंग मशीन

कूलर

फ्रिज

ओवन

कंप्यूटर

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

(क) अध्यापक के पढ़ाने की ओर वह सदैव कम **ध्यान** देता था।

(ख) एडीसन नित्य नए **प्रयोग** करता रहता था।

(ग) कुछ ही **घंटों** में उसने मशीन ठीक कर दी।

(घ) बल्ब का प्रकाश आज भी चारों ओर **रोशनी** कर रहा है।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) अध्यापक एडीसन से क्यों अप्रसन्न रहते थे?

उत्तर—एडीसन अध्यापक के पढ़ाने की ओर कम ध्यान देता था। कक्षा में बैठा वह अपने ही विचारों में खोया रहता था। इसलिए अध्यापक उससे अप्रसन्न रहते थे।

(ख) एडीसन ने अपने नौकर की लड़की को क्या पिलाया?

उत्तर—एडीसन ने अपने नौकर की लड़की को कीड़ों को पीसकर बनाया गया घोल पिलाया।

(ग) एडीसन की माता पड़ोसियों से क्या कहती थी?

उत्तर—एडीसन की माता पड़ोसियों को कहती थी कि बड़ा होकर एडीसन जरूर एक महान् व्यक्ति बनेगा।

(घ) 4 दिसंबर, 1882 को न्यूयॉर्क में क्या हुआ?

उत्तर—4 दिसंबर, 1882 ई० को पहली बार न्यूयॉर्क विद्युत प्रकाश से जगमगा उठा।

### भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. रेखांकित शब्द विशेषण हैं या नहीं लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | माँ उसे <u>बुद्धिमान</u> समझती थी। | **हाँ** |
| (ख) | वह कठिन <u>परिश्रम</u> करता गया। | **नहीं** |
| (ग) | अध्यापक उससे <u>अप्रसन्न</u> रहते थे। | **नहीं** |
| (घ) | <u>पास</u> ही एडीसन खड़ा था। | **नहीं** |

**7. वचन बदलकर लिखो—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मोमबत्ती | **मोमबत्तियाँ** | मशीन | **मशीनें** | प्रयोगशाला | **प्रयोगशालाएँ** |
| कक्षा | **कक्षाएँ** | वस्तु | **वस्तुएँ** | फैक्ट्री | **फैक्ट्रियाँ** |

**8. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| वैज्ञानिक | एडीसन एक महान् **वैज्ञानिक** थे। |
| परिश्रम | एडीसन बहुत कठिन **परिश्रम** करते थे। |
| जगमगा | सारा संसार रोशनी से **जगमगा** उठा। |
| बुद्धिमान | माँ एडीसन को बहुत **बुद्धिमान** समझती थी। |

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

1. **सही उत्तर बताओ—**

(क) किसका जन्मोत्सव मनाया जा रहा था?

उत्तर— पूज्य गांधी जी का।

(ख) ध्रुव पाँच रुपये में क्या-क्या खरीदने को कह रहा था?

उत्तर— काजू, लॉजेंस और टॉफी, चनाचूर।

(ग) बालक ध्रुव के घुटने पर पट्टी किसने बाँधी?

उत्तर— लेखिका ने।

(घ) जुलूस का नेतृत्व किसने किया?

उत्तर— नन्हा, ध्रुव कुंडू।

2. **गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

जब सन् 1940 के फरवरी मास में बापू आश्रम में आए, तो उत्सवों की बाढ़-सी आई थी। साथ में बा भी पधारी थीं। जिस भाषा का उल्लेख गुरुदेव ने अपने भाषण में किया था, वह प्रत्येक आश्रमवासी के हृदय तक पहुँच चुकी थी। सन् 1942 के आंदोलन में आश्रम में ही एक नन्हे शहीद ने अपने प्राणों की बलि देकर, प्रत्यक्ष प्रमाण दे दिया था कि उसने आश्रम गुरु की वह भाषा सचमुच ही समझ ली थी।

(क) बापू आश्रम में आए—

फरवरी मास में ☑ नवंबर मास में ☐ जनवरी मास में ☐

(ख) बापू आश्रम में आए, तो बाढ़-सी आई—

लोगों की ☐ फूलों की ☐ उत्सवों की ☑

(ग) बापू के साथ आई—

कस्तूरबा ☑ भगतसिंह की माता ☐ चंद्रशेखर आजाद ☐

(घ) नन्हे शहीद हुआ—

1947 के आंदोलन में ☑ 1948 के आंदोलन में ☐ 1942 के आंदोलन में ☐

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

3. **सोचो और बताओ—**

(क) गांधी जी के आश्रम का नाम— **साबरमती**

(ख) गांधी जी द्वारा चलाया गया कोई आंदोलन— **असहयोग आंदोलन**

(ग) गांधी जी द्वारा तोड़ा गया कानून— **नमक कानून**

(घ) गांधी जी द्वारा पैदल की गई प्रसिद्ध यात्रा— **डांडी यात्रा**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

**( क )** आश्रमवासियों को एकत्र कर **गुरुदेव** ने प्रार्थना सभा की थी।

**( ख )** शांति ने उसका हाथ-मुँह धुलाकर **बाल** बनाए।

**( ग )** नन्हा ध्रुव कुंडू हाथ में **तिरंगा** लिए जुलूस का अगुआ बना।

**( घ )** मातृहीन ध्रुव पर उनका स्वाभाविक **स्नेह** था।

**( ङ )** ध्रुव कुंडू दस बारह वर्ष का **हँसमुख** बालक, आश्रम के शिशु भवन का छात्र था।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**( क )** समस्त आश्रम में उदासी और चिंता की लहर क्यों दौड़ गई?

उत्तर— नन्हे ध्रुव कुंडू के शहीद होने के कारण समस्त आश्रम में उदासी और चिंता की लहर दौड़ गई।

**( ख )** गुरुदेव ने गांधी के अनशन के समय अपनी प्रार्थना सभा में क्या कहा?

उत्तर— गुरुदेव ने गांधी जी के अनशन के समय प्रार्थना सभा में कहा—''जय हो उस तपस्वी की, जो इस समय मौत को सामने लेकर बैठे हैं। भगवान हृदय में बैठाकर समस्त हृदय के प्रेम को तपाकर, जलाकर तुम लोग जय ध्वनि करो उनकी जिससे तुम्हारा कंठ-स्वर उनके आसन के पास पहुँच सके। वह जिस भाषा में कह रहे हैं, वह कानों के सुनने की नहीं है, वह है प्राणों के सुनने की। मेरी भाषा में जोर कहाँ है। वही भाषा मनुष्य की तेजस्वी भाषा है, जो अवश्य ही तुम्हारे प्राणों में भी पहुँच रही है।''

**( ग )** ध्रुव कुंडू के पिता कौन थे?

उत्तर— ध्रुव के पिता डॉ० कुंडू कांग्रेस के सदस्य थे।

**( घ )** उन पंक्तियों को लिखिए जिसमें लेखिका ने नन्हे शहीद ध्रुव का रेखाचित्र खींचा है?

उत्तर— ध्रुव कुंडू दस-बारह वर्ष का हँसमुख बालक, आश्रम के शिशु भवन का छात्र था। खद्दर का कुर्ता और खद्दर की हाफ पैंट, छोटे-छोटे 'क्रूकट' में कटे घुँघराले बालों पूर्णिया जिले में जन्म से ही रहने के कारण, बंगला का कुछ अटपटा उच्चारण।

**( ङ )** नन्हे शहीद ने किस प्रकार अपने प्राणों की बलि दी?

उत्तर— बलिश्त-भर की छाती फुलाए, गोलियों की बौछार में बढ़ते उस नन्हे शहीद ने अपने प्राणों की बलि दी।

### भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. उदाहरण समझो और लिखो—**

दीदी से कहकर उसे पिटवाऊँगा।

दीदी से कहूँगा और उसे पिटवाऊँगा।

**( क )** शांति भी उसकी आवाज सुनकर नीचे आ गई।

उत्तर— शांति ने भी उसकी आवाज सुनी और नीचे आ गई।

**( ख )** वह मुझे एक पुड़िया थमाकर बिना कुछ कहे भाग गया।

उत्तर— उसने मुझे एक पुड़िया थमाई और बिना कुछ कहे भाग गया।

**( ग )** आश्रमवासियों को एकत्र कर गुरुदेव ने प्रार्थना की।

उत्तर— गुरुदेव ने आश्रमवासियों को एकत्र किया और प्रार्थना की।

**( घ )** मैंने पूछा तो उसने अपना घुटना दिखा दिया।

उत्तर— मैंने उससे पूछा और उसने अपना घुटना दिखा दिया।

**7. विलोम शब्द लिखो—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| साधारण | **असाधारण** | प्रत्यक्ष | **अप्रत्यक्ष** | गुरु | **शिष्य** |
| शांत | **अशांत** | बहादुर | **कमजोर** | डर | **निडर** |

**8. समझो और लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| पिटवाऊँगा | पीटूँगा | पीटता है |
| जाएगा | **जाऊँगा** | **जाता है** |
| बनवाया | **बनवाऊँगा** | **बनाता है** |
| दिखवाया | **दिखाऊँगा** | **दिखाता है** |

## सतत मूल्यांकन-III (Continuous Evaluation-III) (कक्षा 9 से 12)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) कोयल कैसा बोलती है?

उत्तर—मीठा।

(ख) प्रदूषण कितने प्रकार के होते हैं?

उत्तर—चार।

(ग) एडीसन के अभिभावकों से क्या कहा गया?

उत्तर—उसे स्कूल से हटा लेने के लिए।

(घ) जुलूस का नेतृत्व किसने किया?

उत्तर—बालक ध्रुव कुंडू।

**2. सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाओ—**

(क) कोयल कहलाती है—

चिड़ियों की रानी ☑ पक्षियों की रानी ☐ जंतुओं की रानी ☐

(ख) फसलों पर बुरा असर पड़ता है—

उर्वरा का ☐ जल का ☐ दूषित जल का ☑

(ग) थॉमस निवासी था—

चीन का ☐ भारत का ☐ अमेरिका का ☑

(घ) बापू के साथ आई—

कस्तूरबा ☑ भगतसिंह की माता ☐ लक्ष्मीबाई ☐

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**3. सोचो और बताओ—**

(क) गांधी जी के आश्रम का नाम— **साबरमती**

(ख) गांधी जी द्वारा चलाया गया कोई आंदोलन— **असहयोग आंदोलन**

(ग) गांधी जी द्वारा तोड़ा गया कानून— **नमक कानून**

(घ) गांधी जी द्वारा पैदल की गई प्रसिद्ध यात्रा— **डांडी यात्रा**

# अमृत वाणी

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** हमें कैसी वाणी बोलनी चाहिए?

उत्तर— दूसरों को सीतल करने वाली।

**(ख)** हमें आज का काम कल पर क्यों नहीं टालना चाहिए?

उत्तर— क्योंकि प्रलय कभी भी आ सकती है।

**(ग)** हमें दुर्बल को क्यों नहीं सताना चाहिए?

उत्तर— क्योंकि उसकी हाय बहुत बुरी होती है।

**2. दोहे को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

बृच्छ कबहुँ नहीं फल भखै, नदी न संचै नीर।
परमारथ के कारने, साधुन धरा सरीर।।

**(क)** कौन अपना फल नहीं खाता है—

वृक्ष ☑ साधु ☐ बच्चा ☐

**(ख)** कौन अपना पानी नहीं पीती है—

गिलास ☐ नदी ☑ कवि ☐

**(ग)** साधु किस काम में लगे होते हैं—

दूसरों को सताने में ☐ दूसरों को पीटने में ☐ दूसरों की भलाई करने में ☑

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. शब्द-जाल में से आठ प्रकार के फल-मेवों के नाम ढूँढ़ो और उन पर गोला बनाओ—**

तरबूज, केला, संतरा, खजूर

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | से | बे | ल | के | ला | ना | म |
| ख | जू | र | स | अ | ला | सं | प |
| रो | र | त | र | बू | ज | त | फी |
| ट | क | आ | लू | बु | खा | रा | न |
| बा | दा | म | म | ड़ी | ट | मा | ट |
| न | द | श | क | की | ल्न | ल | ज |

अखरोट, बादाम, आलूबुखारा, बेल

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**(क)** मधुर बोली बोलने से क्या होता है?

उत्तर— मधुर बोली बोलने से और लोग भी प्रसन्न हो जाते हैं और स्वयं भी प्रसन्न और शीतलता का अनुभव होता है।

**(ख)** खजूर के पेड़ की छाया से किसे फायदा नहीं मिलता है?

उत्तर— खजूर के पेड़ की छाया से किसी को भी फायदा इसलिए नहीं मिलता क्योंकि खजूर का पेड़ बहुत ऊँचा होता है और उसकी छाया भी बहुत ही कम होती है।

### भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**5. तद्भव शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सीतल | **शीतल** | पंथी | **पथिक** |
| बानी | **वाणी** | स्वाँस | **साँस** |
| काल | **समय** | बृच्छ | **पेड़** |
| परलै | **प्रलय** | परमारथ | **परोपकार** |
| सरीर | **शरीर** | | |

**6. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| वाणी | हमें सदैव मधुर **वाणी** बोलनी चाहिए। |
| प्रलय | **प्रलय** कभी भी हो सकती है। |
| परमार्थ | हमें दूसरों के **परमार्थ** के लिए तत्पर रहना चाहिए। |
| प्रकृति | **प्रकृति** ने हमें अनेक नि:शुल्क उपहार दिए हैं। |
| मोल | सेवा का कोई **मोल** नहीं होता। |

# 14 अशोक की प्रतिज्ञा

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** कलिंग के युद्ध में किसकी विजय हुई?

उत्तर— कलिंग के युद्ध में सम्राट अशोक की विजय हुई।

**(ख)** कलिंग के युद्ध के बाद अशोक ने क्या घोषणा करवाई?

उत्तर— कलिंग के युद्ध के बाद अशोक ने घोषणा करवाई कि प्रत्येक सैनिक को दस-दस दिन की छुट्टी दी जाती है और वीर सैनिकों को पुरस्कार देने की व्यवस्था की जाएगी।

**(ग)** जयगुप्त कौन था?

उत्तर— जयगुप्त अशोक की सेना का वीर सिपाही था।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

**जयगुप्त**—*(प्रवेश करते हैं)* महाराज की जय हो। कलिंग के युद्ध में महाराज की विजय हुई है।

**अशोक**—यह तो हम जानते ही थे, हम तुम्हारी ही राह देख रहे थे जयगुप्त।

**जयगुप्त**—जी महाराज ! हमारी प्रचंड सेना ने देखते-देखते कलिंग की सेना को परास्त कर दिया। कलिंग नरेश रणभूमि छोड़कर भाग गए और उनके पुत्र जयेंद्र को बंदी बना लिया है।

**(क)** युद्ध में विजय होने का समाचार अशोक को दिया—

जयगुप्त ने ☑  जयेंद्र ने ☐  उपगुप्त ने ☐

**(ख)** रणभूमि छोड़कर चला गया—

अशोक ☐  जयगुप्त ☐  कलिंग नरेश ☑

(ग) बंदी बनाया गया—

जयेंद्र को ✓ जयगुप्त को ☐ उपगुप्त को ☐

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**3. संकेत के आधार पर निम्नलिखित राजाओं के नाम बताओ—**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | जिसने आगरा का ताजमहल बनवाया था | **शाहजहाँ** |
| (ख) | हुमायूँ की मृत्यु के बाद शासक बनाया गया था | **अकबर** |
| (ग) | कलिंग युद्ध ने इस शासक का हृदय परिवर्तित कर दिया था | **सम्राट अशोक** |
| (घ) | मुगल साम्राज्य का संस्थापक | **बाबर** |

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

**पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)**

**4. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) जयगुप्त ने सम्राट अशोक को क्या समाचार दिया?

उत्तर—जयगुप्त ने सम्राट अशोक को समाचार दिया कि कलिंग नरेश रणभूमि छोड़कर भाग गए और उनके पुत्र जयेंद्र को बंदी बना लिया है।

(ख) उपगुप्त ने सम्राट अशोक को क्या समाचार सुनाया?

उत्तर—उपगुप्त ने सम्राट अशोक को उनकी पराजय का समाचार सुनाया।

(ग) उपगुप्त अशोक को कहाँ ले गया?

उत्तर—उपगुप्त सम्राट अशोक को युद्धभूमि में ले गए।

(घ) अशोक ने रणभूमि में क्या देखा?

उत्तर—अशोक ने रणभूमि भूमि में दीन अवस्था में लोगों को कराहते देखा।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**5. रेखांकित शब्दों के शब्द भेद लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | मुझे आप से ऐसी ही आशा थी। | **सर्वनाम** |
| (ख) | यह सबकुछ भ्रम है। | **क्रियाविशेषण** |
| (ग) | उनके पुत्र जयेंद्र को बंदी बना लिया है। | **संज्ञा** |
| (घ) | हमसे इन गरीबों का दर्द और नहीं देखा जाता है। | **क्रिया** |

**5. लिंग बदलकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सम्राट | **सम्राज्ञी** | पुत्र | **पुत्री** |
| महाराज | **महारानी** | बालक | **बालिका** |

**6. पर्यायवाची शब्द लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| नरेश | **राजा** | **भूपति** |
| पुत्र | **बेटा** | **वत्स** |
| घर | **गृह** | **मकान** |
| सूर्य | **भानु** | **दिनकर** |

# डाकू बना भाई

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** मधु का भाई कहाँ रहता था?

उत्तर— शहर में।

**(ख)** वैद्य जी ने मधु को देखकर क्या कहा?

उत्तर— "इलाज के लिए विशेष दवा शहर से मँगानी होगी। विवेक को समाचार दे दो।"

**(ग)** पोटली में क्या था?

उत्तर— कुछ रुपये, काम चलाऊ कपड़े तथा कुछ दवाइयाँ थीं।

**(घ)** दवाई लेकर मधु के घर कौन पहुँचा?

उत्तर— मंगल सिंह।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

डाकुओं का सरदार था—मंगल सिंह। उसने पोटली खोली तो वह चौंक गया। पोटली में कुछ रुपये, कामचलाऊ कपड़े तथा कुछ दवाइयाँ थीं। मंगल सिंह चिंता में पड़ गया। उसने अपने साथियों से कहा, "इसे अड्डे पर ले चलो।" अड्डे पर विवेक की मरहम-पट्टी की गई। डाकू मंगल सिंह पोटली को लेकर विवेक के गाँव को चल दिया।

**(क)** डाकुओं के सरदार का नाम था—

वीरसिंह ☐ जगवीर सिंह ☐ मंगल सिंह ☑

**(ख)** पोटली में था—

दवाइयाँ ☐ कपड़े ☐ दोनों ☑

**(ग)** डाकू मंगल सिंह पोटली लेकर चल दिया—

अड्डे की ओर ☐ विवेक के गाँव की ओर ☑ जमींदार के पास ☐

**(घ)** विवेक की मरहम-पट्टी की—

डाकुओं ने ☑ डॉक्टर ने ☐ वैद्य ने ☐

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचो और मिलान करो—**

| | |
|---|---|
| भारत | डॉलर |
| इंग्लैंड | यूआन |
| चीन | रूबल |
| अमेरिका | येन |
| रूस | पौंड |
| जापान | रुपया |

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

(क) एक बार मधु गंभीर रूप से **बीमार** पड़ गई।

(ख) विवेक के पास उस समय **रुपये** नहीं थे।

(ग) विवेक ने **पोटली** को अपने सीने से चिपका लिया।

(घ) डाकू ने उसे **मारना-पीटना** शुरू कर दिया।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) पत्र पढ़कर विवेक क्यों चिंतित हो गया?

उत्तर— पत्र में बहन की बीमारी के विषय में पढ़कर विवेक चिंतित हो गया।

(ख) जंगल में विवेक के साथ क्या हुआ?

उत्तर— जंगल में विवेक को डाकुओं ने घेर लिया और पोटली न देने पर उसे मारने-पीटने लगे।

(ग) विवेक क्या कहते हुए बेहोश हो गया?

उत्तर— ''मेरा सर्वस्व ले लो, पर ये दवाई मुझे दे दो, नहीं तो मेरी बीमार बहन मर जाएगी।'' यह कहते हुए विवेक बेहोश हो गया।

(घ) मंगल सिंह की आँखें क्यों भर आईं?

उत्तर— भाई के लिए बहन का प्यार देखकर मंगल सिंह की आँखें भर आईं।

### भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. शुद्ध रूप लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| रुपए | **रुपये** | हृदय | **हृदय** |
| विश्य | **विषय** | विसवाश | **विश्वास** |

**7. बहुवचन लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पोटली | **पोटलियाँ** | दवाई | **दवाइयाँ** |
| नौकरी | **नौकरियाँ** | रात | **रातें** |

**8. समझो और नए शब्द बनाओ—**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नौकर | + | ई | = | नौकरी | बीमार | + | ई | = | बीमारी |
| शहर | + | ई | = | शहरी | डकैत | + | ई | = | डकैती |
| मंगल | + | ई | = | मंगली | बेहोश | + | ई | = | बेहोशी |

# 16 जब मैं पढ़ता था

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) गांधी जी के पिता का क्या नाम था?

उत्तर— करमचंद गांधी।

**( ख )** गांधी जी के पिता जब पोरबंदर से राजकोट गए उस समय गांधी जी की उम्र कितनी थी?

उत्तर— सात वर्ष।

**( ग )** गांधी जी के पिता ने उन्हें कौन-सी पुस्तक दी?

उत्तर— ''श्रवण पितृभक्ति''।

**( घ )** गांधी जी ने कौन-सा नाटक देखा?

उत्तर— सत्य हरिश्चंद्र।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

एक शनिवार को स्कूल सवेरे का था। शाम को चार बजे व्यायाम के लिए जाना था। मेरे पास घड़ी न थी। आकाश में बादल थे, इससे समय का पता न चला। बादलों से धोखा खाया। जब पहुँचा तो सब जा चुके थे। मैं भी लौट आया।

**( क )** शाम को चार बजे जाना था—

खेलने के लिए ☐ सिनेमा देखने के लिए ☐ व्यायाम के लिए ☑

**( ख )** गांधी जी के पास नहीं थी—

घड़ी ☑ साइकिल ☐ किताब ☐

**( ग )** समय का पता न चला—

आकाश में बादल होने के कारण ☑ टी०वी० देखने के कारण ☐ पढ़ने के कारण ☐

**( घ )** जब गांधी जी व्यायाम के लिए पहुँचे तो—

अध्यापक ने वापस भेज दिया ☐ सब जा चुके थे ☑ बारिश हो रही थी ☐

## बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. संकेतों के आधार पर इनके लिखो—**

**( क )** इन्हें 'अहिंसा का पुजारी' कहा जाता है। **महात्मा गांधी**

**( ख )** इन्हें 'लौह पुरुष' कहा जाता है। **सरदार पटेल**

**( ग )** इन्हें 'मिसाइल मैन' कहा जाता है। **अब्दुल कलाम**

**( घ )** इन्हें 'पंजाब केसरी' कहा जाता है। **लाला लाजपत राय**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

## पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

**( क )** उन दिनों **बाइस्कोप** में तस्वीर दिखाने वाले लोग आया करते थे।

**( ख )** मैंने देखा कि अक्षर बुरा होना **अपूर्ण** शिक्षा की निशानी है।

**( ग )** **सुलेख** शिक्षा का आवश्यक अंग है।

**( घ )** व्यायाम **अनिवार्य** होने से सेवा में विघ्न पड़ने लगा।

**( ङ )** सच बोलने से हम **आत्मविश्वासी** और दृढ़ संकल्पधारी व्यक्ति बनते हैं।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**( क )** गांधी जी की माता जी का स्वभाव कैसा था?

उत्तर— गांधी जी की माता का स्वभाव धार्मिक था। वह पूजा-पाठ किए बिना कभी भोजन नहीं करती थीं।

**( ख )** गांधी जी का जन्म कब और कहाँ हुआ?

उत्तर— गांधी जी का जन्म 2 अक्टूबर, सन् 1869 को पोरबंदर में हुआ था।

(ग) "एक भूल की सजा मैं आज तक पा रहा हूँ।" वह कौन-सी भूल थी?

उत्तर— पढ़ाई में अक्षर अच्छे न होने की भूल थी।

(घ) जब गांधी जी सातवीं कक्षा में थे तो हैडमास्टर साहब ने क्या अनिवार्य कर दिया?

उत्तर— जब गांधी जी सातवीं कक्षा में थे तो हैडमास्टर ने व्यायाम और क्रिकेट अनिवार्य कर दिया।

(ङ) व्यायाम में अरुचि का दूसरा कारण क्या था?

उत्तर— व्यायाम में अरुचि का दूसरा कारण पिताजी की सेवा करने की तीव्र इच्छा थी।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**6. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखो—**

| | |
|---|---|
| संकोच करने वाला | **संकोची** |
| धर्म में विश्वास रखने वाला | **धार्मिक** |
| सत्य बोलने वाला | **सत्यवादी** |

**7. भाववाचक संज्ञा बनाओ—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्वस्थ | **स्वास्थ्य** | दु:ख | **दुखी** |

**8. 'अ' लगाकर नए शब्द बनाओ—**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | + | रुचि | = | अरुचि | अ | + | न्याय | = | अन्याय |
| अ | + | सत्य | = | असत्य | अ | + | पूर्ण | = | अपूर्ण |
| अ | + | सहनीय | = | असहनीय | अ | + | सावधान | = | असावधान |

**9. समझो और क्रिया का रूप बदलो—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उठाना | = | उठाता हुआ | सीखना | = | **सीखता हुआ** |
| लौटना | = | **लौटता हुआ** | छोड़ना | = | **छोड़ता हुआ** |
| लगाना | = | **लगाता हुआ** | खाना | = | **खाता हुआ** |
| जाना | = | **जाता हुआ** | | | |

# 17 साहसी बालिका

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

**मौखिक प्रश्न (Oral Questions)**

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) नई बालिका का क्या नाम था?

उत्तर— मानवी।

(ख) कक्षा की लड़कियाँ मानवी के बारे में क्या सोचती थीं?

उत्तर— वह घमंडी है।

(ग) मानवी ने झील के पास पहुँचते ही क्या सुना?

उत्तर— "बचाओ, बचाओ" की आवाज सुनी।

(घ) शालू की जान किसने बचाई?

उत्तर— मानवी ने।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

एक अध्यापिका ने मानवी के मुँह पर पानी के छींटे मारे, तब वह होश में आई। सभी लड़कियाँ और अध्यापिकाएँ मानवी को प्रशंसा की दृष्टि से देख रही थीं। सभी अध्यापिकाओं ने मानवी को शाबाशी दी। शालू ने मानवी को धन्यवाद करते हुए कहा, ''आज तुम न होतीं तो मैं अपने प्राणों से हाथ धो बैठती। हम तो तुम्हें घमंडी समझती थीं, पर तुम तो सच्ची मित्र निकलीं।''

**(क)** अध्यापिका ने मानवी के मुँह पर मारे—

चाटें ☐ पानी के छींटे ☑ गुलाब का फूल ☐

**(ख)** लड़कियाँ और अध्यापिकाएँ मानवी को देख रही थीं—

प्रशंसा की दृष्टि से ☑ घृणा की दृष्टि से ☐ नफरत की दृष्टि से ☐

**(ग)** शालू ने मानवी को कहा—

कृपया ☐ क्षमा कीजिए ☐ धन्यवाद ☑

**(घ)** मानवी थी—

घमंडी ☐ ईर्ष्यालु ☐ सच्ची मित्र ☑

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. जिन स्वरों की मात्राएँ होती हैं, उनके लिए कुछ अंक दिए गए हैं—**

| आ (ा) | इ (ि) | ई (ी) | उ (ु) | ऊ (ू) | ऋ (ृ) | ए (े) | ऐ (ै) | ओ (ो) | औ (ौ) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |

**निम्नलिखित अनुच्छेद में स्वरों के स्थान पर अंकों का प्रयोग कर पुन: लिखो—**

उनका जन्म ई अक्टूबर इ ओ ए औ को हुआ था। उनके ही नेतृत्व में भारत इ ऋ अगस्त इ औ ऊ ऐ को आजाद हुआ था। उनकी मृत्यु उ आ जनवरी इ औ ऊ ओ को हुई थी। भारत का संविधान ई ए जनवरी इ औ ऋ आ को लागू हुआ था।

उत्तर—उनका जन्म 2 अक्टूबर 1869 को हुआ था। उनके ही नेतृत्व में भारत 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ था। उनकी मृत्यु 30 जनवरी 1948 को हुई थी। भारत का संविधन 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था।

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

**(क)** मानवी सुंदर थी लेकिन वह **चुप-चुप** सी रहती थी।

**(ख)** कक्षा की लड़कियाँ मानवी से **मित्रता** करना चाहती थीं।

**(ग)** एक अच्छा स्थान देखकर अध्यापिकाओं ने **दरियाँ** बिछवा दीं।

**(घ)** मानवी फूल के एक **पौधे** के पास बैठ गई।

**(ङ)** झील में उस स्थान पर पानी कम और **कीचड़** अधिक थी।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**(क)** सभी बच्चे कहाँ गए?

उत्तर—सभी बच्चे पिकनिक पर गए।

**(ख)** झील के आस-पास का वातावरण कैसा था?

उत्तर—झील के आसपास का वातावरण बहुत आकर्षक था। ऊँची पहाड़ियाँ और फूलों की भरमार इस स्थल की सुंदरता में चार चाँद लगा रहे थे।

**(ग)** मानवी ने शालू की सहायता कैसे की?

उत्तर—मानवी ने पेड़ की बेल काटकर शालू की ओर फेंक दी जिसे पकड़कर शालू ऊपर आ गई।

(घ) अध्यापिकाएँ व अन्य लड़कियाँ किसकी आवाज सुनकर झील के पास पहुँचे?

उत्तर— मानवी की "बचाओ-बचाओ" की आवाज सुनकर अध्यापिकाएँ व अन्य लड़कियाँ झील के पास पहुँचे।

(ङ) शालू ने मानवी को धन्यवाद देते हुए क्या कहा?

उत्तर— शालू ने मानवी को धन्यवाद देते हुए कहा—"आज तुम न होतीं तो मैं अपने प्राणों से हाथ धो बैठती। हम तो तुम्हें घमंडी समझती थीं, पर तुम तो सच्ची मित्र निकलीं।"

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**6. दो-दो शब्द बनाओ—**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | न् | + | य | = | न्य | **न्याय** | **अन्य** |
| (ख) | च् | + | च | = | च्च | **उच्च** | **सर्वोच्च** |
| (ग) | द् | + | व | = | द्व | **द्वितीय** | **द्वीप** |
| (घ) | ध् | + | य | = | ध्य | **बाध्य** | **ध्यान** |

**7. वचन बदलकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अध्यापिका | **अध्यापिकाएँ** | कक्षा | **कक्षाएँ** |
| बालिका | **बालिकाएँ** | बेल | **बेलें** |
| झील | **झीलें** | बस | **बसें** |

**8. क्रिया शब्दों को रेखांकित करो और उनका काल-भेद लिखो—**

| | | **काल-भेद** |
|---|---|---|
| (क) | वह उनसे दूर-दूर <u>रहती थी</u>। | **भूतकाल** |
| (ख) | शालू ने बेल <u>पकड़ ली</u>। | **वर्तमान काल** |
| (ग) | सभी लड़कियाँ <u>हँसने लगीं</u>। | **भूतकाल** |
| (घ) | मानवी पिकनिक पर नहीं <u>जाएगी</u>। | **भविष्यकाल** |
| (ङ) | शालू हाथ-पाँव पटक <u>रही थी</u>। | **भूतकाल** |

## सतत मूल्यांकन-IV (Continuous Evaluation-IV) (कक्षा 13 से 17)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) हमें कैसी वाणी बोलनी चाहिए?

उत्तर— मीठी।

(ख) जयगुप्त कौन था?

उत्तर— जयगुप्त अशोक की सेना का वीर सिपाही था।

(ग) दवाई लेकर मधु के घर कौन पहुँचा?

उत्तर— डाकू मंगल सिंह

(घ) गांधी जी के पिता का क्या नाम था?

उत्तर— करमचंद गांधी।

**2. सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाओ—**

(क) रणभूमि छोड़कर चला गया—

अशोक ☐ जयगुप्त ☐ कलिंग नरेश ☑

(ख) डाकुओं के सरदार का क्या नाम था—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वीरसिंह | ☐ | जगवीर सिंह | ☐ | मंगलसिंह | ✓ |

(ग) जब लेखक व्यायाम के लिए पहुँचा तो—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अध्यापक ने वापस भेज दिया | ☐ | सब जा चुके थे | ✓ | बारिश हो रही थी | ☐ |

(घ) शालू ने मानवी को कहा—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कृपया | ☐ | धन्यवाद | ✓ | क्षमा कीजिए | ☐ |

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

3. **सोचो और बताओ—**

(क) जिसने आगरा का ताजमहल बनवाया था— **शाहजहाँ**

(ख) हुमायूँ की मृत्यु के बाद शासक बना— **अकबर**

(ग) कलिंग युद्ध ने इस शासक का हृदय परिवर्तित कर दिया था— **सम्राट अशोक**

(घ) मुगल साम्राज्य का संस्थापक— **बाबर**

## समग्र मूल्यांकन-I (Comprehensive Evaluation-I)
## (पाठ 1 से 8)

1. **इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) राजा ने लड़की की किस प्रकार सहायता की?

उत्तर—राजा ने लड़की को दवा के रुपये देकर सहायता की।

(ख) चंद्रग्रहण होने का क्या कारण है?

उत्तर—चंद्रमा पृथ्वी के तल में होता है तो वह उसकी छाया में छुप जाता है और चंद्रग्रहण लग जाता है।

(ग) मेजर थापा ने अपने सैनिकों को क्या नारा दिया?

उत्तर—मेजर थापा ने अपने सैनिकों को ''एक सैनिक, एक गोली, एक दुश्मन'' नारा दिया।

(घ) डैमन की अंतिम इच्छा क्या थी?

उत्तर—डैमन की अंतिम इच्छा अपने परिवार के लोगों से मिलने की थी।

2. **कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—**

नवल **प्रातः की नव रश्मियों** से
मेरे उर **का तम हर** दो।
धरती को ही **स्वर्ग बना दूँ,**
मुझको **मंगलमय** वर दो।

3. **रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

(क) पेड़ों पर नई-नई **कोंपलें** फूटने लगीं।

(ख) बगीचे में **आडू** के वृक्ष थे।

(ग) राजा ने तुरंत उस बीमार **स्त्री** को दरबार में बुलाया।

(घ) सेठ जी ने गद्‌गद भाव से स्वामी जी को **प्रणाम** किया।

4. **शब्दों के अर्थ लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| दायित्व | **जिम्मेदारी** | खगोलशास्त्री | **आकाशीय घटनाओं और ग्रहों का ज्ञान रखने वाला** |
| अनुमति | **आज्ञा** | शोक | **दुःख** |

5. **लिंग बदलकर लिखो—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| भगवान | **भगवती** | पति | **पत्नी** | राजा | **रानी** |
| बेटी | **बेटा** | पिता | **माता** | श्रीमान | **श्रीमती** |

6. **मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | | |
|---|---|---|
| **धूल चटाना** | हरा देना | दारासिंह ने सभी पहलनावों को **धूल चटा दी।** |
| **दाँत खट्टे करना** | बुरी तरह पराजित करना | कारगिल युद्ध में भारतीय सेना ने घुसपैठियों के **दाँत खट्टे कर दिए।** |
| **नाक में दम करना** | परेशान करना | कुछ खराब लोगों ने पूरे मौहल्ले की नाक **में दम कर रखा है।** |

## समग्र मूल्यांकन-II (Comprehensive Evaluation-II)

### (पाठ 9 से 17)

1. **इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) जल प्रदूषण क्या है?

उत्तर— जल में गंदगी और कारखाने आदि में प्रयुक्त होने वाले रासायनिक पदार्थों के बचे अवशेषों का मिलना जल प्रदूषण है।

(ख) 4 दिसंबर, 1882 को न्यूयॉर्क में क्या हुआ?

उत्तर—4 दिसंबर, 1982 ई० को सारा न्यूयॉर्क विद्युत प्रकाश से जगमगा उठा।

(ग) मानवी ने शालू की सहायता कैसे की?

उत्तर— मानवी ने पेड़ की बेल काटकर शालू की ओर फेंक दी जिसे पकड़कर शालू ऊपर आ गई।

(घ) उपगुप्त अशोक को कहाँ ले गया?

उत्तर— उपगुप्त अशोक को युद्ध भूमि में ले गए।

2. **भावार्थ लिखो—**

काल करै सो आज कर, आज करै सो अब।
पल में परलय होयगी, बहुरि करैगो कब।।

**भावार्थ**—प्रस्तुत पंक्तियों में कबीरदास जी कहते हैं कि हमें जो कार्य कल करना है उसे आज ही पूरा कर लेना चाहिए और जो कार्य आज करना है उसे अभी पूरा कर लेना चाहिए क्योंकि कभी भी प्रलय (कोई विपदा या मुसीबत) हो सकती है फिर कार्य को करने का समय बिल्कुल नहीं मिलेगा।

3. **रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

(क) वायु प्रदूषण से **असाध्य** रोग उत्पन्न होते हैं।

(ख) एडीसन नित्य नए **प्रयोग** करता रहता था।

(ग) मानवी सुंदर थी लेकिन वह **चुप-चुप** सी रहती थी।

(घ) मानवी फूल के एक **पौधे** के पास बैठ गई।

4. **पर्यायवाची शब्द लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| माँ | **माता** | **जननी** |
| मेघ | **बादल** | **वारिद** |
| पानी | **जल** | **तोय** |
| हिमालय | **गिरिराज** | **पर्वतराज** |

5. **वचन बदलकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बालिका | **बालिकाएँ** | कक्षा | **कक्षाएँ** |
| झील | **झीलें** | बस | **बसें** |
| अध्यापिका | **अध्यापिकाएँ** | बेल | **बेलें** |